# 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का शुभारंभ



**गोहाना : स्वच्छता की शपथ लेते इंस्टीट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग के प्राचार्य व छात्राएं।**

गोहाना, 17 सितंबर (रामनिवास धीमान) : उपमंडल के गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग व महिला बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। हरियाणा सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो सुषमा जोशी ने की। आज से शुरू किए इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो जोशी ने समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के साथ स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता की शपथ ली। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया एवं 50 से ज्यादा कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रो जोशी ने बताया कि 18 से 20 सितम्बर महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान, 24 सितम्बर को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं विचारों पर संगोष्ठी, 25 से 27 सितम्बर महाविद्यालय के गलियारे, कक्षाओं, शौचालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, 29 और 30 सितम्बर 2025 को एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन और जूट/कपड़े जैसे विकल्प को बढ़ावा देना जैसा कार्यक्रम तथा 1 अक्टूबर को साइकिल रैली और स्वच्छता तथा नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बेदखली सूचना

मैं, अमरजीत सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी गांव जगमालवाली तहसील कालांवाली जिला सिरसा ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र जगमीत सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन



**गोहाना : प्रताप सिंह का स्वागत करते हुए कुलपति।**

गोहाना, 17 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बतौर अतिथि सामाजिक चिंतक व समाजसेवी प्रताप सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने की। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व समाज सेवी सुमित सहगल उपस्थित रहे। प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में युवा का बहुत बलशाली निर्माण है। भारत के गाँव का भोजन सबसे सुपोषित भोजन है। मनुष्य के लिए जीवन यापन के लिए पर्यावरण स्वच्छ होना आवश्यक है। सिंगल यूज़ प्लास्टिक बीमारी की जनक है, उसका त्याग करें । उन्होंने कहा कि सभी बच्चे एक सेवा कार्य करने का संकल्प अवश्य लें। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक, सेवा भाव विद्यार्थियों में भी भरें। सुमित सहगल ने कहा कि ज्ञान जहां से मिले वहां से ग्रहण करें। जीवन में हमेशा अच्छे ज्ञान को आत्मसात करें। कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने कहा कि छात्राएं न केवल शिक्षा ग्रहण कर रही है बल्कि समाज व राष्ट्र निर्माण की वाहक भी है, सेवा को केवल कर्म नहीं संस्कार माने।

# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से 10 एनएसएस स्वयंसेविकाएं प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में लेंगी भाग



**गोहाना : छात्राओं के दल को रवाना करते एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. बबीता।**

गोहाना, 17 सितम्बर (रामनिवास धीमान) : उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से दस एन.एस.एस. स्वयंसेविकाएं आगामी प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेंगी। जानकारी देते हुए महिला विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. बबीता ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया आज इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (जिला रेवाड़ी) में आयोजित की जा रही है जिसके लिए बुधवार को सुबह छात्राओं का दल रवाना हो गया है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से छात्राओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएँ विभिन्न स्तरों पर निरंतर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं। छात्र कल्याण विभाग डीन, डॉ श्वेता हुड्डा ने कहा की इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्राओं में विशेष उत्साह और गर्व का माहौल है। एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. बबीता ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में चयनित होने पर छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा । उन्होंने कहा कि यह चयन गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी के लिए प्रारंभिक चरण होगा।



गोहाना : छात्रा हितांशी को पुरस्कृत करते हुए आयोजक।

# छात्रा हितांशी ने दूसरा और छात्रा स्वीटी ने इसी श्रेणी में प्राप्त किया तीसरा स्थान : डा. इशानी

गोहाना, 17 सितंबर (रामनिवास धीमान) उपमंडल के गाँव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ इशानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और विचार निर्माण आदि इवेंट शामिल थे जिसमें हरियाणा के 90 से अधिक संस्थानों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा हितांशी ने दूसरा स्थान हासिल किया और बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा स्वीटी ने इसी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ इशानी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को उद्यमशीलता के अवसरों का अन्वेषण करने और हरियाणा की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने के लिए प्रेरित करना है। हरियाणा सरकार की युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता 22 अगस्त से 4 सितंबर, 2025 के बीच आयोजित संस्थागत स्तर की प्रतियोगिताओं का समापन थी।

पंजाब केसरी
THU,18 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेंगी 10 स्वयंसेविकाएं

गोहाना, 17 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की 10 एन.एस.एस. स्वयंसेविकाएं आगामी प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेंगी। यह जानकारी देते हुए महिला विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बबीता ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (जिला रेवाड़ी) में आयोजित की जाएगी।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से छात्राओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएं विभिन्न स्तरों पर निरंतर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।



छात्राओं के दल को रवाना करते हुए डॉ. बबीता। (अरोड़ा)

एन.एस.एस. स्वयंसेविकाएं में व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना प्रबल होती है।

छात्र कल्याण विभाग की डीन डॉ. श्वेता हुड्डा ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्राओं में विशेष उत्साह और गर्व का माहौल है। छात्राओं ने कहा कि यह अवसर उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और वे भविष्य में भी राष्ट्रहित व समाजहित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए संकल्पित हैं।

एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बबीता ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में चयनित होने पर छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा । उन्होंने कहा कि यह चयन गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी के लिए प्रारंभिक चरण होगा।

पंजाब केसरी
THU, 18 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# पोस्टर मेकिंग में हितांशी द्वितीय और स्वीटी तृतीय



विजेता छात्रा पुरस्कार ग्रहण करते हुए। (अरोड़ा)

गोहाना, 17 सितम्बर (अरोड़ा): हरियाणा सरकार की युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने की पहल ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। सोनीपत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता संस्थागत स्तर की प्रतियोगिताओं का समापन थी।

बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. इशानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और विचार निर्माण आदि इवैंट शामिल थे। कार्यक्रम में हरियाणा के 90 से अधिक संस्थानों के 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कन्या गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा हितांशी ने दूसरा स्थान हासिल किया और बी.एड. प्रथम समैस्टर की छात्रा स्वीटी ने इसी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

डॉ. इशानी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को उद्यमशीलता के अवसरों का अन्वेषण करने और हरियाणा की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने के लिए प्रेरित करना है।

# भगत फूल सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें : प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में बुधवार को युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और समाजसेवी सुमित सहगल रहे। मुख्य अतिथि सामाजिक चिंतक एवं समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि महिला विवि एक भगत फूल सिंह की एक तपोस्थली है। हम सब को उनके जीवन परिचय को पढना चाहिए। हमें उनके आदर्शों का अनुकरण करके आगे बढना चाहिए।



दीप प्रज्वलन सेकार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्रताप सिंह, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

## सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरकः कुलपति

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह दूरदर्शी सोच के महापुरुष थे। अगर उन्होंने नारी शिक्षा का सपना ना देखा होता तो आज भारत की बहुत सारी महिलाएं शिक्षा से वंचित रह जाती। युवा एवं सेवा फाउंडेशन से डॉ. योगेश यादव भी मौजूद रहे।

# एनएसएस समाजसेवा में सुनहरा अवसर

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां से एनएसएस की दस स्वयंसेविकाएं प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेने के लिए बुधवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (जिला रेवाड़ी) पहुंची। छात्राओं के दल को महिला विवि की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बबीता ने रवाना किया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएं विभिन्न स्तरों पर निरंतर विवि का नाम रोशन कर रही हैं।

# शिक्षक और छात्राओं ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व महिला बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी ने की। कार्यक्रम में स्टाफ एवं छात्राओं ने स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता की शपथ ली। प्रो. जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 से 20 सितम्बर तक महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। 24 सितम्बर को मोदी के जीवन एवं विचारों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 25 से 27 सितम्बर तक महाविद्यालय के गलियारे, कक्षाओं, शौचालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हितांशी द्वितीय

गोहाना। हरियाणा सरकार की युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने की पहल ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। 16 सितंबर को सोनीपत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कोर्यक्रम 22 अगस्त से 4 सितंबर तक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न संस्थागत प्रतियोगिताएं करवाई गई। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा हितांशी ने दूसरा और बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा स्वीटी ने इसी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# 'युवाओं को अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए'




कुलपति प्रो. सुदेश मुख्य अतिथि प्रताप सिंह को पौधा भेंट करते, साथ में अधिकारी

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में युवा एवं सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय भगत फूल सिंह तपोस्थली है। भगत फूल सिंह के जीवन परिचय को सभी को पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए। युवा अवस्था में संकल्प कर साधना में जुट जाएं। अधिकार मांगने का अधिकार उसे है जो अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। मनुष्य के लिए जीवन यापन को पर्यावरण स्वच्छ होना आवश्यक है। सिंगल यूज प्लास्टिक बीमारी का जनक है। विद्यार्थी सेवा कार्य करने का संकल्प अवश्य लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी।

# भगत फूल सिंह ने आजादी से पहले नारी शिक्षा के लिए काम किया : कुलपति




**भास्कर न्यूज़ | गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विवि में बुधवार को युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक चिंतक व समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विवि की भूमि तपोस्थली है। ऐसे में भगत फूल सिंह के जीवन परिचय को सभी को पढ़ना चाहिए। उनका जीवन परिचय समझना ही मात्र ज्ञान का स्रोत है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी। भगत फूल सिंह दूरदर्शी सोच वाले थे, जिन्होंने आजादी से पहले नारी शिक्षा के लिए काम किया। समाजसेवी सुमित सहगल ने कहा कि ज्ञान जहां से मिले, वहां से ग्रहण करें। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, डॉ. नरेश भार्गव, युवा फाउंडेशन से डॉ. योगेश यादव आदि मौजूद रहे।

# पोस्टर मेकिंग की विजेता को किया सम्मानित

गोहाना| बीपीएस महिला विवि के कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विवि की सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. ईशानी के अनुसार 11वीं कक्षा की छात्रा ने द्वितीय व बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा स्वीटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सोनीपत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हुआ था। इस दौरान प्रदेशभर के 90 से अधिक संस्थानों के 250 प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को उद्यमशीलता के अवसरों का अन्वेषण करने और हरियाणा की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने के लिए प्रेरित करना है।

# प्री-गणतंत्र दिवस परेड के लिए 10 छात्राओं का चयन



**गोहाना**| बीपीएस महिला विवि की एनएसएस यूनिट की 10 स्वयंसेविकाएं आगामी प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेंगी। यह चयन प्रक्रिया 17 सितंबर रेवाड़ी जिले में मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विवि में आयोजित की जाएगी। इसके लिए बुधवार को विवि की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बबीता ने छात्राओं का दल को रवाना किया। उन्होंने बताया कि चयनित होने पर छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह चयन गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी के लिए प्रारंभिक चरण होगा। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेविकाओं में व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना प्रबल होती है। इस मौके पर छात्र कल्याण विभाग की डीन डॉ. श्वेता हुड्डा भी मौजूद रही।

# शिक्षक ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व महिला बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इसमें छात्राओं ने स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी ने बताया कि 20 सितंबर तक महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। संवाद

# भगत फूल सिंह के जीवन से लें प्रेरणा : प्रताप सिंह

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में बुधवार को युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रताप सिंह ने कहा कि महिला विवि भगत फूल सिंह की तपोस्थली है। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा के बिना सेवाभाव को पूर्ण नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह दूरदर्शी सोच के महापुरुष थे। संवाद

# बीपीएसएमवी मे सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

**पल पल न्यूज: गोहाना, 17 सितंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सामाजिक चिंतक व समाजसेवी प्रताप सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने की। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व समाज सेवी सुमित सहगल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम भगत फूल सिंह जी को नमन करते हुए इस महिला विश्वविद्यालय की भूमि को तपोस्थली कहा। उन्होंने कहा कि भगत जी के जीवन परिचय को सभी को पढ़ना चाहिए। उनका जीवन परिचय समझना ही मात्र ज्ञान का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय हरियाणा की गंगोत्री रूपी विश्वविद्यालय है। यह एक तपस्वी की भूमि है यह विश्व की नंबर एक संस्था हो सकती है। प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में युवा का बहुत बलशाली निर्माण है। भारत के गांव का भोजन सबसे सुपोषित भोजन है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि छात्राएं न केवल शिक्षा ग्रहण कर रही है बल्कि समाज व राष्ट्र निर्माण की वाहक भी है, सेवा को केवल कर्म नहीं संस्कार माने। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नरेश भार्गव ने किया। इस अवसर पर युवा एवं सेवा फाउंडेशन से डॉ. योगेश यादव भी मौजूद रहे।